aglasem.com



झारखंड बोर्ड

मॉडल पेपर

Class 9

मॉडल प्रश्न पत्र प्रारुप परीक्षा

वर्ग–नवम् **पूर्णांक–50**
समय :–1घंटा 30 मिनट **विषय–हिन्दी 'ए'** **सेट–1**

सामान्य निर्देश :–

1. इस प्रश्न पत्र में कुल 50 बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प (1 से 4) दिये गये हैं, जिनमें एक सही उत्तर है। सही विकल्प को चुनकर OMR उत्तर पत्रक में सही गोले को काला करना है (नीला या काला बॉल पेन (कलम) से)।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे दिए गए प्रश्नों के उत्तरों में से सही विकल्प को चुनें।

1 देश–प्रेम है क्या? प्रेम ही तो है। इस प्रेम का आलंबन क्या है? सारा देश अर्थात मनुष्य, पशु–पक्षी, नदी–नाले, वन–पर्वत सहित सारी भूमि। यह प्रेम किस प्रकार का है? यह साहचार्यगत प्रेम है। जिनके बीच हम रहते हैं, जिन्हें बराबर आखों से देखते हैं, जिनकी बातें बराबर सुनते रहते हैं, जिनका हमारा हर घड़ी का साथ रहता है, सारांश यह है कि जिनके सान्निध्य का हमें अभ्यास पड़ जाता है, उनके प्रति लोभ या राग हो सकता है। देश–प्रेम यदि वास्तव में अंतकरण का कोई भाव है तो यही हो सकता है। यदि यह नहीं है तो वह कोरी बकवास या किसी और भाव के संकेत के लिए गढ़ा हुआ शब्द है।

1 देश–प्रेम क्या है?
(1) नेम (2) टेम (3) प्रेम (4) क्षेम

2 इस प्रेम का आलंबन क्या है?
(1) आधा देश (2) थोड़ा देश (3) कुछ देश (4) संपूर्ण देश

3 देश–प्रेम किस प्रकार का प्रेम है?
(1) साहचार्यगत प्रेम (2) असाहचार्यगत प्रेम (3) साहचर्य प्रेम (4) असाहचर्य प्रेम

4 जिनके सान्निध्य का हमें क्या पड़ जाता है?
(1) पूर्वाभास (2) अभ्यास (3) प्रयास (4) साभ्यास

5 'राग' का विलोम होगा–
(1) विराग (2) अनुराग (3) प्रयाग (4) सुराग

II निम्मलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे दिये गये प्रश्नों के सही उत्तर को चुनें–

भूखा व्यक्ति क्या पाप नहीं करता अर्थात सभी पाप करते हैं। धन से क्षीण मनुष्य दयाहीन हो जाता है। उसमें कर्तव्य और अकर्तव्य का विवेक नहीं रहता। यही दशा आज के युग की है। चारो ओर डकैतियाँ, छीना–झपटी और लूट–खसोट सुनाई पड़ती है। कहीं बैंक लूटने का समाचार अखबार में छपा हुआ मिलता है तो कहीं गाड़ियाँ लूटने का। मनुष्य के जीवन से आनन्द और उल्लास जाते रहे है। उसे अपनी और अपने परिवार की रोटियों की चिन्ता है। चाहे उसका उपार्जन सदाचार से हो या दुराचार से।

आजकल श्रमिक हो या अनवरत बौद्धिक श्रम करने वाला विद्वान, सभी बेरोजगारी के शिकार बने हुए हैं। निरक्षर तो किसी तरह अपने पेट भर लेते हैं परन्तु पढ़े–लिखे लोगों की स्थिति बहुत ही खराब है।

6 भूखा व्यक्ति क्या क्या नहीं करता?
(1) आप (2) पाप (3) संताप (4) प्रताप।

7 धन से क्षीण मनुष्य क्या हो जाता है?
(1) स्नेहहीन (2) प्रेमविहीन (3) दयाहीन (4) हीन।

docs.aglasem.com

aglasem.com

8 आज किस ओर डकैतियाँ, छीना झपटी और लूट–खसोट सुनाई पड़ती है ?
(1) दोनो ओर (2) तीनो ओर (3) तीनो ओर (4) चारो ओर।

9 किसके जीवन से आनन्द और उल्लास न जाने कहाँ गायब हो गये ?
(1) पशु के (2) मनुष्य के (3) पक्षी के (4) सबके।

10 आजकल सभी किसके शिकार बने हुए हैं ?
(1) बेरोजगारी के (2) बेरोजगार के (3) रोजगार के (4) सबके।

III नीचे दिये गये पत्र लेखन के रिक्त स्थानों को सही विकल्प द्वारा भरेः–

मेरे प्रिय मित्र,

नमस्कार।

तुम्हारा.....11.....मिला। पढ़कर आनन्दित हुआ। तुम्हें .. ..12..... जाने का मन है, तो मैं भी इच्छुक हूँ। वार्षिक .....13..... के बाद .....14..... बना रहा हूँ। राँची जिले में ही कोई झरना देखने चलेंगे। घर सगों को मेरा .....15..... प्रणाम एवं नमस्कार कहना। अब पत्र समाप्त करता हूँ।

तुम्हारा मित्र,
सुरेश चन्द्र।

11 (1) भाई (2) सम्मान (3) समान (4) पत्र।

12 (1) टहलने (2) घूमने (3) खाने (4) गाने।

13 (1) परीक्षा (2) कार्यक्रम (3) योजना (4) तैयारी।

14 (1) कार्य (2) क्रम (3) कृपा (4) कार्यक्रम।

15 (1) यथावत् (2) यथायोग्य (3) यथायोग (4) यथाक्रम।

IV (व्यावहारिक व्याकरणः प्रश्न संख्या 16 से 30 तक)
निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प को चुनेः

16 'कवि' का स्त्रीलिंग रुप होगा :–
(1) कवित्री (2) कवियित्री (3) कवियत्री (4) कवयित्री।

17 'घोड़ा' का बहुवचन रुप होगा :–
(1) घोड़ों (2) घोड़े (3) घोड़ो (4) घोड़ासब।

18 'मानव' का विशेषण होता है :–
(1) मानवी (2) मानविय (3) मानवीय (4) मानवों।

19 'में पर' किस कारक का चिन्ह है ?
(1) कर्ता (2) कारण (3) उपादान (4) अधिकरण।

20 रचना की दृष्टि से वाक्य के भेद होते हैं :–
(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच।

21 निम्नलिखित किस वाक्य में कर्ता कारक के 'ने' चिन्ह् का सही प्रयोग हुआ है ?
(1) प्रेमचन्द ने कहानी लिखी है (2) प्रेमचन्द ने कहानी सिखाएँ है (3) प्रेमचन्द ने कहानी लिखें है (4) प्रेमचन्द ने कहानी लिखे थे।

22 'जहाँ–जहाँ वह गया' उसका बहुत सम्मान हुआ। यह कौन वाक्य है ?
(1) सरल (2) मिश्र (3) संयुक्त (4) उप।

23 'सजीव' का सही विलोम होगा :–
(1) निर्जीव (2) मृत (3) खतम (4) जीव।

24 इनमें से 'आँख' का पर्यायवाची कौन नहीं होता है ?
(1) नेत्र (2) चक्षु (3) नासिका (4) नयन।

25 'हर्ष' का सही विलोम होगा :–
(1) खुशी (2) हर्षित (3) उल्लासित (4) विषाद।

26 'कान भरना' मुहाबरे का सही अर्थ क्या है ?
(1) चुगली करना (2) कान में धुल भर जाना (3) कान में कीड़ा घुसना (4) कान से सुनाई नहीं पड़ना।

27 'आदि–आदि' का सही अर्थ भेद कौन– सा है ?

docs.aglasem.com
aglasem.com

(1) और नहीं (2) आरम्भ–अभ्यस्त (3) घर–बाहर (4) आकार–प्रकार।

28 'जले पर ..... छिड़कना' मुहाबरे में सही शब्द से रिक्त स्थान को भरें:–
(1) घी (2) चीनी (3) नमक (4) कपूर।

29 'गिरगिट की तरह .....बदलना' मुहाबरे में सही शब्द से रिक्त स्थान को भरें :–
(1) दंग (2) रंग (3) संग (4) भंग।

30 'नानी याद आना' मुहाबरे का सही अर्थ है :–
(1) संकट में पड़ना (2) नानी की याद सताना(3) नानी से भेंट करना (4) संकट में नहीं पड़ना।

V (पाठ्य् पुस्तकें : प्रश्न संख्या 31 से 50 तक)
नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनें :–
'दो बैलों की कथा' किस प्रकार का पाठ है ?
(1) एकांकी (2) कहानी (3) यात्रा–वृतान्त (4) आत्म–कथा।

32 राहूल सांकृत्यायन ने 'ल्हासा की ओर' पाठ् में तिब्बत की यात्रा किस वेश में की थी ?
(1) भिखमंगे के छदम् वेश में (2) लेखक के वेश में (3) अफसर के वेश में (4) सामन्त के वेश में।

33 'उपभेक्ता की संस्कृति' पाठ में किन सामग्रियों से बाजार भरा पड़ा है ?
(1) आवश्यकता की (2) विलासिता की (3) अनिवार्यता की (4) जरुरतों की।

34 'साँवले सपनों की याद' पाठ में किनका वर्णन हुआ है ?
(1) सालिम अली का (2) साबिर अली का (3) सागिर अली का (4) साजिद अली का।

35 नाना साहब की पुत्री देवी मैना को क्या कर दिया गया ?
(1) रस्म (2) भस्म (3) चश्म (4) मुक्त।

36 'प्रेमचन्द के फटे जूते' पाठ के लेखक हैं :–
(1) प्रेमचन्द (2) श्यामाचरण दुबे (3) हरिशंकर परसाई (4) जाबिर हुसैन।

37 महादेवी वर्मा जब क्रास्यवेट गर्ल्स कॉलेज पढ़ने गई तब वहाँ छात्रावास में उनकी पहली सहेली के रुप में कौन मिली ?
(1) भद्रा कुमारी (2) सुभद्रा कुमारी (3)तुंगभद्रा कुमारी (4) वीरभद्रा कुमारी ।

38 'मूक हृदय का प्राणपण आत्मनिवेदन'–यह पंक्ति किस पाठ की है ?
(1) मेरे बचपन के दिन (2) दो बैलों की आत्म–कथा (3) एक कुता और एक मैना (4) साँले सपनों की याद।

39 कबीर किस ब्रह्म् के उपासक थे ?
(1) निर्गुण (2) सगुण (3) साकार (4) वैष्णव।

40 ललद्यद की काव्य–शैली को कहा गया है :–
(1) साख (2) पाख (3) भाख (4) वाख।

41 रसावान ने किस भाषा में कविता लिखी है ?
(1) अवधी (2) ब्रजभाषा (3) भोजपूरी (4) खड़ी हिन्दी।

42 'ग्राम श्री' कविता में किस ऋतु का वर्णन हुआ है ?
(1) वर्षा ऋतु (2) शरद ऋतु (3) शिशर ऋतु (4) ग्रीष्म ऋतु।

43 'आज किधर भी पैर करके सोओ' वह कौन दिशा हो जाती है ?
(1) पूरब (2) पश्चिम (3) उतर (4) दक्षिण।

44 'चन्द्र गहना से लौटती बैर' कविता में सबसे सयानी कहा गया है :–
(1) हरा चना को (2) अरहर को (3) सरसो को (4) तीसी को।

45 'एक भारतीय आत्मा' किस कवि को कहा गया है ?
(1) सुमित्रानन्दन पंत को (2) माखनलाल चतुर्वेदी को (3) केदारनाथ अग्रवाल को (4) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना को।

46 मृत्यु का तरल दूत किसे कहा गया है ?
(1) बाढ़ को (2) नदी को (3) तालाब को (4) बाँध को।

docs.aglasem.com

aglasem.com

47 'मेरे संग की औरतें' पाठ में कौन औरत कभी झूठ नहीं बोलती थी ?
(1) लेखिका (2) लेखिका की माँ (3) लेखिका की दादी (4) लेखिका की नानी।

48 'माटी वाली' पाठ में किस शहर का वर्णन हुआ है ?
(1) डिहरी (2) टिहरी (3) चमोली (4) गढ़वाली।

49 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का मुख्य पात्र है :–
(1) उमा (2) शंकर (3) रामस्वरुप (4) गोपाल प्रसाद।

50 किस तरह आखिरकार मैं हिन्दी में आया' पाठ के लेखक कौन है ?
(1) विद्यासागर नौटियाल (2) जगदीश चन्द्र माथुर (3) शमशेर बहादुर सिंह (4) मृदुला गर्ग।

docs.aglasem.com

aglasem.com

उत्तरमाला

विषय–हिन्दी 'ए'

वर्ग–नवम्

सेट–1

प्रश्न संख्या	उत्तर	प्रश्न संख्या	उत्तर	प्रश्न संख्या	उत्तर
1	3	18	3	35	2
2	4	19	4	36	3
3	1	20	2	37	2
4	2	21	1	38	3
5	1	22	2	39	1
6	2	23	1	40	4
7	3	24	3	41	2
8	3	25	4	42	3
9	2	26	1	43	4
10	1	27	2	44	3
11	4	28	3	45	2
12	2	29	2	46	1
13	1	30	1	47	2
14	4	31	2	48	2
15	2	32	1	49	1
16	4	33	2	50	3
17	2	34	1		

docs.aglasem.com

aglasem.com